युग्मित साहचर्य विधि (Memorization by Paired Association Method)

(इस प्रयोग की अवलोकन तालिका में लिखी गई ट्राइल्स का Data काल्पनिक हैं इनके स्थान पर अपने ट्राइल्स का Data लिखें)

प्रयोग का स्थान - मनोवैज्ञानिक प्रयोगशाला

अवलोकन तालिका

Paired Words	I	II	III	IV	V	VI	VII
Creep-Bard	X	X	X	X	X	✓	✓
Ugly-Pedal	X	X	X	X	✓	✓	✓
Media-Wrap	X	✓	✓	✓	✓	✓	✓
Limit-Spicy	X	✓	✓	✓	✓	✓	✓
Thief-Nigo	X	X	✓	✓	✓	✓	✓
Mute-Odme	X	X	X	✓	✓	✓	✓
Tail-Pleh	X	X	X	X	✓	✓	✓
Visit-QPLU	X	X	✓	✓	✓	✓	✓
Rwnan-QLPI	X	X	✓	✓	✓	✓	✓
Treno-Lemd	X	X	X	X	X	✓	✓

Frone-Elhe	X	X	X	X	✓	✓	✓
Chelp-Roke	X	✓	✓	✓	✓	✓	✓
Pride-862	✓	X	✓	✓	✓	✓	✓
Lend-400	✓	X	✓	✓	✓	✓	✓
Swim-657	X	✓	✓	✓	✓	✓	✓
Heart-150	✓	✓	✓	✓	✓	✓	✓
No. of correct response	3	5	10	11	14	16	16
No. of Incorrect response	13	11	6	5	2	0	0

परिणाम की व्याख्या

विषयी ने कुल 7 प्रयासों में सभी पदों को याद कर लिया। जिनकी व्याख्या इस प्रकार है-

1. पहले प्रयास की व्याख्या -

पहले प्रयास में विषयी ने 3 सही उत्तर दिए। विषयी ने 'LEND' शब्द को आसानी से याद कर लिया। 150' को भी आसानी से याद कर लिया उसे एक कहानी से जोड़कर याद कर लिया। तथा 'Pride' शब्द को भी याद कर लिया। विषयी को अधिकतर शब्दों को याद करने में बहुत कठिनाई हो रही थी। जब वह याद नहीं कर पा रही थी तो या तो वह गलत उत्तर दे रही थी या उत्तर नहीं दे रही थी।

2. दूसरे प्रयास की व्याख्या -

दूसरे प्रयास में विषयी ने 5 सही उत्तर दिए जो पहले प्रयास से 2 ज्यादा है। विषयी ने 11 गलत उत्तर दिए । 'Wrap', 'Spicy' इन शब्दों को कहानी बनाकर याद किया। 'ROKE' शब्द जो कि अर्थहीन है इसे भी कहानी बनाकर याद किया। विषयी ने इन शब्दों को आसानी से याद कर लिया। अभी भी उसे अर्थहीन शब्दों को याद करने में परेशानी हो रही थी।

3. तीसरे प्रयास की व्याख्या-

विषयी ने तीसरे प्रयास में 10 सही उत्तर दिए जो दूसरे प्रयास से 5 अधिक है तथा 6 गलत उत्तर दिए। इससे पता चलता है कि विषयी को कई शब्द याद हो रहे हैं। 'QLPI', 'QPLU' आदि अर्थहीन शब्दों को कहानी बनाकर याद कर लिया तथा '657' 862' को भी याद कर लिया। लेकिन अभी भी उसे 'Bard', PLEH, LEMD आदि शब्दों को याद करने में कठिनाई आ रही है।

4. चौथे प्रयास की व्याख्या -

विषयी ने चौथे प्रयास में 11 सही उत्तर 5 गलत उत्तर दिए हैं। ये तीसरे प्रयास तथा से 1 अधिक है। इससे पता चलता विषयी धीरे- धीर शब्दों को याद करने की कोशिश कर रही है। अभी भी कुछ अर्थहीन शब्दों को याद करने में विषयी को परेशानी हो रही है।

5. पाँचवे प्रयास की व्याख्या -

विषयी ने 5th प्रयास में 14 सही उत्तर दिए हैं जो चौथे प्रयास से 3 अधिक है। विषयी ने

2 गलत उत्तर दिए हैं। इससे ज्ञात होता है कि विषयी 'Elhe' शब्द को कहानी बनाकर याद किया। इसके अलावा 'Pleh' 'Pedal' शब्दों को भी कहानी के माध्यम से याद कर लिया। लेकिन अब भी विषयी को 'Lemd' व 'Bard' शब्दों को याद करने में थोड़ी परेशानी हो रही है। वह भूल जा रही है।

6. छठे प्रयास की व्याख्या

विषयी ने छंठवे प्रयास में पूरे 16 सही उत्तर दिए है। इससे पता चल रहा है कि विषयी ने लगातार प्रयासों के द्वारा सभी पदों को याद कर लिया। इस प्रयास में विषय ने एक भी गलत उत्तर नहीं दिया।

7. साँतवे प्रयास की व्याख्या-

विषयी को सभी शब्द याद हो गए हैं, इस बात जानने के लिए एक और प्रयास किया गया। विषयी ने सभी उत्तर सही दिये इस प्रयास में। इस प्रयास में, उत्तर देते समय विषयी बहुत ही आत्मविश्वासी दिख रही है। अर्थात् विषयी ने बहुत ही सरलता से सभी उत्तर दिए।

निष्कर्ष -

विषयी को सभी 16 युग्म-शब्दों को याद करने में कुल 6 प्रयास लगे। विषयी ने कई विधियों जैसे- परस्पर संबंध का नियम (Law of association), रटने की विधि का प्रयोग शब्दों को याद करने के लिए किया। विषयी को अर्थपूर्ण शब्दों को याद करने में कम समय लगा। लेकिन अर्थहीन शब्दों तथा संख्या को याद करने में थोड़ी कठिनाथी आ रही थी। हर

प्रयास में तथा कार्डों को दोहराने पर सही अनुक्रियाओं की संख्या में वृद्धि होती जा रही है। विषयी ने अधिकतर बार परस्पर संबंध के नियम का प्रयोग किया। जिस कारण उसे शब्दों को याद करने में सरलता हुई। अतः कुल 6 प्रयासों में सभी शब्द-युग्मों को विषयी ने सफतापूर्वक याद कर लिया। इससे पता चलता है कि विषयी की स्मृति - शाक्त अच्छी है।